प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 26.03.2025 समय : 09:00 ए.एम.

0000

- राज्यस्तरीय किसान सम्मेलन आज बीकानेर में–मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा तीस हजार किसानों को 137 करोड़ रूपये की अनुदान राशि हस्तान्तरित करेंगे।
- विधानसभा में राज्यस्तरीय विकसित भारत युवा संसद का आयोजन।
- प्रदेश में आरजीएचएस में अनुमोदित निजी अस्पतालों को वित्त विभाग ने अनुचित पैकेज बुकिंग से बचने की सलाह दी।
- राज्य में अधिकतर स्थानों पर गर्मी का असर–तीन शहरों में पारा 40 डिग्री वहीं 9 शहरों में 39 डिग्री सैल्सियस के पार दर्ज हुआ।

00000

राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव के तहत आज बीकानेर में राज्यस्तरीय किसान सम्मेलन होने जा रहा है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा समारोह में 30 हजार किसानों को 137 करोड़ रूपये की अनुदान राशि **हस्तान्तरित** करेंगे। इसके साथ ही किसान उत्पादक संगठन एफपीओ मेले का भी शुभारंभ करेंगे ।

.....

जिलों में भी आज किसान सम्मेलन रखे गये हैं। इनमें राज्यस्तरीय सम्मेलन का सीधा प्रसारण किया जायेगा। राजस्थान दिवस महोत्सव की श्रंखला में आज नई दिल्ली स्थित बीकानेर हाउस में राजस्थान उत्सव का आगाज होगा। मुख्यमंत्री श्री शर्मा आज शाम इसका उद्घाटन करेंगे। राजस्थान दिवस का आयोजन इस बार व्यापक रूप से धूमधाम से किया जा रहा है। किसान, युवा, महिला और गरीब कल्याण तथा उत्थान के लिए राजधानी जयपुर, भीलवाडा और कोटा सहित अन्य शहरों में कार्यक्रम रखे गये हैं। इसी कड़ी में कल भरतपुर में गरीब और अन्त्योदय कल्याण समारोह रखा गया है। इसमें निर्माण श्रमिकों को राशि हस्तान्तरण, स्वामित्व योजना पट्टा वितरण और डेयरी बूथ वितरण के साथ ही दिव्यांगजन को सहायक उपकरण वितरण किया जायेगा। राजधानी जयपुर स्थित राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आईटी दिवस 2025 का आयोजन किया गया है। दो दिन का ये कार्यक्रम प्रौद्योगिकी और उद्यमिता को बढाने के लिए स्टार्टअप्स निवेशकों और भागीदारों को एक साझा मंच प्रदान करेगा।मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रवासी राजस्थानियों से देश – विदेश में राजस्थान दिवस चैत्र शुक्ल प्रतिपदा–30 मार्च को हर्ष और उल्लास से मनाने का आह्वान किया है। श्री शर्मा ने कल मुख्यमंत्री निवास पर उद्यमियों के साथ संवाद किया। उन्होंने उद्यमियों से प्रवासी राजस्थानियों के साथ सामंजस्य बना कर देश–विदेश में राजस्थान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित करने की अपील की।

00000

विधानसभा में आज राज्यस्तरीय विकसित भारत युवा संसद का आयोजन किया गया है। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी कार्यक्रम का शुभारम्भ करेंगे। देश के विकास में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय की ओर से इसका आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत युवा विधानसभा की संसदीय प्रक्रियाओं को भी समझ सकेंगे। हमारे संवाददाता ने बताया कि सभी जिलों में हुई युवा संसद में चुने गये प्रतिभागी राज्यस्तरीय युवा संसद में अपनी बात रखेंगे।

.....

00000

संसद ने **आपदा प्रबंधन संशोधन विधेयक 2024** पारित कर दिया है। राज्यसभा ने कल विधेयक को मंजूरी दे दी। लोकसभा में यह विधेयक पिछले साल दिसंबर में ही पारित हो चुका है। विधेयक का उद्देश्य आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 में संशोधन और **राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण** तथा **राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण** के कामकाज को कुशल बनाना है। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि आपदाओं के आकार और पैमाने में बदलाव हुआ है और प्रतिक्रियाओं को भी उसी अनुसार बदलना होगा।

.....

**संसद ने** वित्त विधेयक, 2025 पारित कर दिया। विधेयक में 35 सरकारी संशोधन किए गए है। इनका उद्देश्य टैरिफ को युक्तिसंगत बनाना और घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देना है।

00000

प्रदेश में **राजस्थान सरकार स्वास्थ्य योजना आरजीएचएस** में अनुमोदित निजी अस्पतालों को अनुचित पैकेज बुकिंग से बचने की सलाह दी गई है। वित्त विभाग के शासन सचिव नवीन जैन ने बताया कि निजी अस्पतालों की ओर से पेश किये जा रहे दावों में कई गडबडियां पाई गई है। ऐसे में निजी अस्पतालों पर वसूली निलंबन और एमपैनलमेंट सूची से हटाने की कार्यवाही की जायेगी। श्री जैन कल वीसी के माध्यम से निजी अस्पतालों के प्रतिनिधियों के साथ संवाद कर रहे थे। उन्होंने स्पष्ट किया कि वित्त विभाग ने आरजीएचएस की निगरानी के लिए एआई आधारित विशेष ऑडिट सेल गठित की है, जिसकी रिपोर्ट के आधार पर कई अस्पतालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही हैं।

0000

जैसलमेर में जिला रोजगार कार्यालय की ओर से कैम्पस प्लेसमेंट रखा गया है। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में इसका आयोजन किया जा रहा है। इसमें विभिन्न कंपनियों की ओर से युवाओं को रोजगार दिलावाने के साथ ही सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी जायेगी। इसके साथ ही युवाओं को विभिन्न व्यवसायों में आरएसएलडीसी के माध्यम से कौशल विकास में प्रशिक्षण के बारे में बताया जायेगा।

0000

प्रदेश में इन दिनों गणगौर पूजन का उत्साह है। होली से शुरू हुआ ईसर गणगौर पूजन का सिलसिला 16 दिनों तक चलता है और लोकपर्व गणगौर के साथ इसका समापन होता है। पाली में भी महिलाओं ने गणगौर पूजन का पारम्परिक उल्लास नजर आ रहा है। हमारे संवाददाता ने बताया कि महिलाएं सजधजकर घुडले के साथ मंगल गीत गा रही हैं।

.....

0000

प्रदेश में अधिकतर स्थानों पर गर्मी का असर देखा जा रहा है। कल तीन शहरों में पारा 40 डिग्री वहीं 9 शहरों में 39 डिग्री सैल्सियस के पार दर्ज किया गया। ज्यादातर जगह दिन का तापमान औसतन 35 डिग्री सैल्सियस से ऊपर मापा गया। 40 दशमलव 2 डिग्री सैल्सियस अधिकतम तापमान के साथ बाडमेर सबसे गर्म रहा। वहीं प्रदेश के आठ शहरों में रात का तापमान 20 डिग्री सैल्सियस से ऊपर रिकॉर्ड हुआ। फलौदी में न्यूनतम तापमान 25 दशमलव 6 डिग्री सैल्सियस रहा। इस बीच पश्चिमी विक्षोभ के असर से आज जोधपुर और बीकानेर संभाग में कहीं–कहीं तेज हवायें चलने के आसार है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के असर से अगले दो दिनों में तापमान में दो से चार डिग्री गिरावट की संभावना हैं।

00000

आई.पी.एल. क्रिकेट में आज राजस्थान रॉयल्स का मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स से होगा। गुवाहाटी में यह मैच शाम साढ़े सात बजे से खेला जाएगा। इससे पहले कल एक अन्य मैच में पंजाब किंग्स ने गुजरात टाइटंस को 11 रन से हरा दिया।

**0000**